# उत्तर प्रदेश को लगातार तीसरी बार लीड्स अचीवर अवार्ड

## लाजिस्टिक्स के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** लाजिस्टिक्स क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश को लगातार तीसरी बार लाजिस्टिक्स ईज एक्रास डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) 2024 रैंकिंग में अचीवर स्टेट का खिताब मिला है। उत्तर प्रदेश ने इससे पहले वर्ष 2022 और 2023 में भी उत्कृष्ट लाजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में सचिव औद्योगिक विकास व इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश को स्टेट अचीवर अवार्ड प्रदान किया। पुरस्कार विभिन्न राज्यों में लाजिस्टिक्स की सुगमता को मापने वाली 'लीड्स रिपोर्ट 2024' के विमोचन और 'लीप्स पुरस्कार 2024' के दौरान दिया गया।



नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से पुरस्कार प्राप्त करते सचिव औद्योगिक विकास व इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश, साथ में उपस्थित केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ● सूचना विभाग

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने वर्ष 2018 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाजिस्टिक्स प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए लीड्स की पहल की थी। इसकी रैंकिंग तीन प्रमुख आयामों का आंकलन करती है। इसमें बुनियादी ढांचा, सेवाएं और परिचालन और नियामक वातावरण शामिल है। इन रैंकिंग में उत्तर प्रदेश की निरंतर सफलता राज्य के अपने लाजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार के सतत प्रयासों को प्रदर्शित करती है। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में लाजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर महत्वपूर्ण रूप से ध्यान केंद्रित किया है। उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग और लाजिस्टिक्स नीति-2022 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य में सिटी लाजिस्टिक्स मास्टरप्लान और सिटी मास्टरप्लान विकसित किए गए हैं, जो पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान के व्यापक उद्देश्यों के साथ समन्वय बनाती है।